श्रीमान

डॉ रमेश पोखरियाल निशंक

मानव संसाधन मंत्री ,भारत सरकार

जय-हिन्द जय-भारत

महोदय

आपको जानकारी देते हुए हमें गौरव का अनुभव हो रहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत मे आने वाले कोई भी समस्या पर तत्काल प्रतिक्रिया करती है।

प्रसंगानुसार 15-10-2014 को मानव संसाधन मंत्रालय ने देश के लाखों करोड़ों नागरिकों की भावनाओं एवं प्रार्थना पर ध्यान देते हुए निर्णय लिया था कि सरकारी शिक्षा संस्थान जैसे आईआईटी,आईआईएम,मेडिकल, NITs , AIIMs आदि महाविद्यालयों में शाकाहार करने वालों के लिये अलग से मेस(भोजनालय) की व्यवस्था करने के बाबत सभी शिक्षा संस्थाओं को इस सम्बन्ध में निर्देश जारी किये थे जिसकी जानकारी THE TELEGRAPH(28-10-2014) , THE HINDU(29-10-2014) ,THE ECONOMICS TIME(03-12-2014) में प्रकाशित हुई थी, किंतु किसी कारणवश से विभागी कार्य पूर्ण नही हो सका। आजतक हजारों शाकाहारी छात्रों की भावनाएँ आहत हो रही है, परिजन दुःखी हो रहे है बच्चों की पढ़ाई में बाधा आ रही है। अतः नई सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय से पुनः नम्र निवेदन करते हैं कि, ये छोटा सा कार्य है एवं बहुत महत्वपूर्ण कार्य है,अतः शीघ्र शाकाहारी मेस(भोजनालय) अलग की जाये।

एक ही भोजनालय में 2 विभिन्न भोजन बनना असम्भव है और उसकी शुद्धता रहना भी असम्भव है। हम सबकी कसौटी पर नरेन्द्र मोदी सरकार का पिछ्ला कार्यकाल पूर्णत सन्तुष्टि पूर्ण रहा और नरेंद्र मोदी सरकार का वर्तमान कार्यकाल भी देशवासियों के विश्वास को पूर्ण करेगा।।

जय हिंद जय भारत

आप अपनी प्रतिक्रिया से हमें अवगत अवश्य करवायें

धन्यवाद

निवेदक